दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 168 | छतरपुर, सोमवार 13 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# युवा अपनी ऊर्जा का सदुपयोग कर राष्ट्र को करें सशक्त - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## रीवा में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम में हुए शामिल





परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वस्थ समाज सशक्त आर्थिक रूप से संपन्न भारत के निर्माण के लिये महत्वपूर्ण है। हम स्वस्थ एवं प्रसन्न रहेंगे तो अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिये सहजता से एकाग्रचित्त होकर प्रयास कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने से बीमारियाँ कोसों दूर रहेंगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर मनाये जा रहे राष्ट्रीय युवा दिवस में अपने भीतर की ऊर्जा का सदुपयोग समाज एवं देश के हित में करें और देश को विश्व गुरू बनाने में योगदान दें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी के कदम यदि नशे की राह की ओर बढ़ गए तो विकास निरर्थक हो जाएगा। रीवा के मार्तण्ड स्कूल क्रमांक-एक में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी को युवा दिवस की बधाई दी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने बहुत कम उम्र में ऐसी ख्याति प्राप्त की जिससे दुनिया में उनका नाम हुआ। स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी साकर हो रही है कि भारत विश्वगुरू बनेगा। 21वीं सदी में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ते हुए विश्व गुरू बनने के करीब पहुंच चुका है। हमारा देश आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभरा है। स्वामी विवेकानंद जी का जीवन न केवल हमें मार्ग प्रशस्त करता है वरन उनके द्वारा दिये गये वाक्य हमें जीवन में आगे बढ़ने में मददगार है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतारकर राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य पूरा करने में समवेत होने का आह्वान किया। विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, प्रभारी आईजी श्री साकेत प्रकाश पाण्डेय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

# हॉस्टल की तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर छात्रा ने की आत्महत्या

## आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है पुलिस

छतरपुर। रविवार की सुबह शहर के पन्ना रोड स्थित सिंचाई कॉलोनी के हॉस्टल में किराए से रहने वाली एक छात्रा ने भवन की तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसके कारण अभी सामने नहीं आए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से छात्रा को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक उत्तरप्रदेश के राठ शहर की रहने वाली दीक्षा पुत्री सुरेश गुप्ता उम्र करीब 24 वर्ष, वर्तमान में छतरपुर के महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से बीएससी माइक्रोबायोलॉजी की पढ़ाई कर रही थी और सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पन्ना रोड स्थित सिंचाई कॉलोनी की जैन बिल्डिंग में संचालित हॉस्टल की तीसरी मंजिल पर किराए का कमरा लेकर रहती थी। बीते रोज दीक्षा की मां इंदिरा गुप्ता, उससे मिलने के लिए छतरपुर आई थी। इंदिरा गुप्ता ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 8 बजे जब वह वॉशरूम में थी, तभी दीक्षा ने अचानक बालकनी से छलांग लगा दी। शोरगुल सुनकर इंदिरा गुप्ता बाहर निकलीं, तब उन्हें घटना का पता चला। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी तथा पुलिस की मदद से दीक्षा को जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर अभय सिंह ने जांच के बाद दीक्षा को मृत घोषित कर दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। सिविल लाइन थाना में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

***प्रेम-प्रसंग से जुड़ रहे घटना के तार***

आत्महत्या के उक्त मामले के तार प्रेम-प्रसंग से जुड़ रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि मृतिका दीक्षा का प्रेम-प्रसंग अपने किसी रिश्तेदार युवक से चल रहा था और दोनों की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जब यह जानकारी दीक्षा के माता-पिता को लगी तो वे दीक्षा को समझाने के लिए छतरपुर आए थे। बताया जा रहा है कि दीक्षा के इस कृत्य से नाराज माता-पिता उसे आगे छतरपुर में नहीं रहने देना चाहते थे, जबकि दीक्षा छतरपुर में ही रहना चाहती थी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जी की जयंती

## राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के मुख्य आतिथ्य में किया गया सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम



छतरपुर। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छतरपुर शहर के मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण में स्थित अटल सभागार में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम सम्पन्न हुआ। इस दौरान छतरपुर विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, पूर्व विधायक उमेश शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा **...शेष पृष्ठ 16 पर**

# दिव्यांग कल्याण समिति ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया कार्यक्रम

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। आज बेनीगंज रोड,खजुराहो में दिव्यांग कल्याण समिति कार्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्यातिथि डॉ सुनील पटेल(MBBS ), डॉ विनोद पटेल (MBBS) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजुराहो , मुकेश कुमार पटेल पुनर्वास अधिकारी सीआरसी छतरपुर ,समिति के उपाध्यक्ष गोविंद कुशवाहा, श्री तुलसीदास सोनी पत्रकार खजुराहो, ज्योति माहेश्वरी मास्टर ट्रेनर आरसेटी सेंटर नौगांव, ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा डॉ सुनील पटेल ने अपने वक्तव में युवाओं को मोटीवेट किया संस्था द्वारा चल रहे ट्रेनिंग प्रोग्राम की और संस्था जो दिव्यांगजनों के लिए कार्य कर रही उसकी प्रशंसा की और कार्यक्रम में बुलाया जिसके लिए आभार व्यक्त किया , मुकेश कुमार पटेल ने स्वामी विवेकानंद के विचार रखे तथा गोविंद कुशवाहा ने अपने विचार रखते हुए सभी का आभार व्यक्त किया नंदराम पटेल लेब संचालक राजनगर , सुरेश कुशवाहा, साधना, रितु विश्वकर्मा तथा दिव्यांग कल्याण समिति के सदस्य व स्वरोजगार का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही ।



# शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

## स्वामी विवेकानंद जयंती का महत्व

**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा ।। स्वामी विवेकानंद ने अपनी शिक्षाओं से दुनिया भर के लाखों युवाओं को प्रेरित किया। वर्ष 1893 में शिकागो में एक सम्मेलन में उनकी प्रमुखता महसूस की गई, जहाँ वे एक प्रतिभागी और वक्ता थे। भारत की आध्यात्मिकता से प्रेरित संस्कृति और मजबूत इतिहास पर उनके प्रसिद्ध भाषण ने अमेरिकियों, विशेष रूप से बौद्धिक वर्ग से प्रशंसा प्राप्त की।



उनके मजबूत व्यक्तित्व, विज्ञान और वेदांत में विशाल ज्ञान तथा मानव और पशु जीवन के प्रति सहानुभूति ने उन्हें शांति और मानवता का पथप्रदर्शक बना दिया । राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के अवसर पर शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा में प्रभारी प्राचार्य व्ही के जैन के निर्देशन में विद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्राओं ने मंत्रों को उच्चारित कर सूर्य नमस्कार तथा अन्य योग मुद्राएं की और शपथ ली कि प्रतिदिन सूर्य नमस्कार एवं योग करेंगे। प्रभारी प्राचार्य ने सूर्य नमस्कार और योग के महत्व को बताते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार और योग करने से शरीर स्वस्थ्य रहता है और कई गम्भीर बीमारियों से बचा जा सकता है। शरीर लचीला रहता है तथा स्मरण शक्ति बढ़ती है और नर्वस सिस्टम शांत रहता है तथा इससे विटामिन डी भी मिलता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बलबीर सिंह सेंगर बनाए गए ब्लॉक अध्यक्ष

**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर/// आज म प्र शिक्षक संघ ब्लॉक व तहसील इकाई लवकुश नगर के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें श्री बलबीर सिंह सेंगर ब्लॉक अध्यक्ष, श्री उमाशंकर भड़ेरिया ब्लॉक सचिव श्री सतीश कुमार चौरसिया कोषाध्यक्ष श्रीमती किरण त्रिपाठी उपाध्यक्ष व श्री राजकुमार चौरसिया सह सचिव। इसी तरह तहसील इकाई लवकुश नगर के अध्यक्ष श्री अजय कुमार अवस्थी ,सचिव श्री सहदेव प्रसाद प्रजापति, उपाध्यक्ष श्रीमती कमलेश ओमर, सह सचिव श्री विनोद कुमार प्रजापति। आप सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस निर्वाचन के लिए देवेंद्र सिंह राजावत पर्यवेक्षक श्री आनंद कुमार अरजरिया निर्वाचन अधिकारी व श्री राजकिशोर त्रिपाठी सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए थे। निर्वाचन उपरांत सभी पदाधिकारियों को पुष्पहारों से सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर बिकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री प्रजापति जी 1 कन्या शाला के प्राचार्य भी सहभागी बने। निवृत्त मान ब्लॉक अध्यक्ष श्री बीरेंद्र सिंह परिहार ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर फूल मालाओं से सम्मानित किया।



# प्राचार्य पीएन पाल की उपलब्धि से गौरवान्वित हुआ गौरिहार

## स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विदेश भ्रमण के लिए चयनित चंद संस्था प्रमुखों मे शामिल हुए श्री पाल

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। स्थानीय शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य पी एन पाल का चयन विभागीय विदेश भ्रमण मे हुआ है। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण संस्थानों की शिक्षा के क्षेत्र मे गुणात्मक सुधार की मंशा से, उन चिन्हित शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य /प्रधानाध्यापकों (संस्था प्रमुखों ) को उन देशों के भ्रमण की व्यवस्था की है जिनकी शिक्षण व्यवस्था विश्व मे नंबर एक पायदान पर बीते वर्षों से बनी हुई है।

इसी क्रम मे स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष सम्पूर्ण मध्यप्रदेश से अनुमानित कुल 44 शिक्षण संस्थानों का विभाग द्वारा चयन किया गया है, जिनमे से छतरपुर जिले मात्र तीन ही हैं उनमे से गौरिहार मे संचालित शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल गौरिहार भी शामिल है।

***संस्था के स्टाफ व बच्चों की मेहनत हुआ सम्भव - श्री पाल***

गौरिहार निवासी प्राचार्य पी एन पाल ने



इस उपलब्धि का श्रेय संस्था के सहयोगी स्टाफ व अध्ययनरत विद्यार्थियों की लगन व मेहनत को दिया।श्री पाल ने संस्था की इस उपलब्धि पर खुशी ब्यक्त करते हुए संस्था के समस्त परिवार का आभार प्रकट किया है। उन्होंने रिपोर्टर से चर्चा करते हुए बताया कि जिन शिक्षण संस्थाओं का बीते तीन से पांच वर्षो से निरंतर शत -प्रतिशत अथवा 95% से अधिक रहा है, उन संस्थाओं की शिक्षा गुणवत्ता मे और भी अधिक सुधार करने की मंशा से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उस देश की शैक्षणिक ब्यवस्था का अवलोकन करने हेतु विदेश भ्रमण की ब्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार विभाग द्वारा पड़ोसी देश सिंगापुर को चुना है। ज्ञातव्य है कि सिंगापुर बीते कई वर्षों से अपनी शैक्षणिक ब्यवस्था को लेकर सम्पूर्ण विश्व भर मे प्रथम पायदान पर बना हुआ है।

***स्वजनों ने सराहना कर,दी बधाई शुभकामनायें***

गौरिहार निवासी प्राचार्य पी एन पाल कि इस उपलब्धि पर स्टाफ के बीके पटेल,बीएल प्रजापति, आरपी अहिरवार, एचपी पाल, आरके अहिरवार, एके पटेल, ब्रजेश अहिरवार, निशा तिवारी, विज्ञान बिंदु घोष, मातादीन विश्वकर्मा एवं पत्रकार प्रकाश मिश्रा, जीतेन्द्र बाजपेई, चंद्रभान प्रजापति, रामनिवास सैनी, सीताराम यादव, मुखिया साहू, सुरेन्द्र यादव, बीरू निगम, बीरू अवस्थी, रामकेश पटेल सहित अन्य मित्र गणों व गाँव-क्षेत्र के बुद्धजीवियों ने सराहना करते हुए, श्री पाल के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आह्वान- प्राचार्य राजेन्द्र ताम्रकार का प्रेरणादायक उद्बोधन

***परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर शासकीय सीएम राइस माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बकस्वाहा में मंडी मैदान पर सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेन्द्र कुमार ताम्रकार की देखरेख में हुआ, जिन्होंने छात्रों को बेहतरीन तैयारी और प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरित होकर योग के महत्व को समझना और उसे जीवन में उतारना था।***



कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक श्री कृपाल सिंह मार्को भी अपने पुलिस दल के साथ उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सराहना की। प्राचार्य श्री राजेन्द्र कुमार ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा, स्वामी विवेकानंद ने हमेशा हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। उनका जीवन संतुलित और स्वस्थ था, और यही कारण है कि वे योग को अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते थे।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह एक मानसिक और आत्मिक अभ्यास भी है, जो जीवन को संपूर्णता और समृद्धि की ओर ले जाता है। यदि हम सूर्य नमस्कार और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, तो हम न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे, बल्कि मानसिक शांति और आत्मविश्वास भी प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान श्री अरविंद नापित, श्रेयांस दुबे और लखन लाल चौरसिया ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और योग के महत्व पर अपने विचार साझा किए। सभी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने हमेशा शरीर और मन के स्वस्थ रहने की बात की थी, जो आज के समय में भी उतना ही आवश्यक है।

कार्यक्रम में लगभग 150 छात्रों ने सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास किया। समस्त शिक्षकगण और स्टाफ भी इस आयोजन में शामिल हुए, और कार्यक्रम की सफलता में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन सचिन कुमार खरे और कृष्ण कुमार दुबे द्वारा किया गया, जबकि श्री रूप सिंह लोधी ने आभार व्यक्त किया।

सूर्य नमस्कार एक प्राचीन योगासन है, जिसे सूर्य की ऊर्जा को आत्मसात करने के लिए किया जाता है। यह शारीरिक लचीलापन बढ़ाने, हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत करने और मानसिक शांति प्रदान करने में मदद करता है। प्राणायाम, जो श्वास को नियंत्रित करने की कला है, शरीर के प्रत्येक अंग को ताजगी और ऊर्जा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने न केवल शारीरिक व्यायाम किया, बल्कि मानसिक शांति और योग के महत्व को भी समझा।

इस अवसर पर संतोष खरे, शिल्पा जैन, रीनू यादव, कमलेश राजपूत, श्रीमती विनीता शर्मा, श्रीमती अनीता जैन, आस्था जैन, रजिया बेगम, निधि बिल्थरे, रेखा खरे और मुस्कान ताम्रकार सहित समस्त स्टाफ और आउटसोर्स स्टाफ उपस्थित रहे। शिक्षक सचिन खरे ने बताया की यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके आदर्शों से छात्रों को प्रेरित करने और योग को जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, इससे बच्चों में शारीरिक और मानसिक जागरूकता बढ़ी और स्वस्थ जीवन जीने के प्रति जागरूकता पैदा होती है।

# लूट कर भागे आरोपियों को मोटरसाईकिल सहित मय संपत्ति के किया गिरफ्तार व मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी की गई



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। दिनाँक 10.01.2025 को फरियादी रामचंद्र साहू पिता हरिनारायण साहू उम्र 18 साल नि0 ग्राम बरोदा थाना मगरोन जिला दमोह हाल बीएमसी अस्पताल के सामने तिरूपतिपुरम कालौनी सागर ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिकं 10.01.2025 के 09.30 बजे रात की बात है मुझे मोबाईल न0 9039721544 से फोन आया कि तुम राम बोल रहे हो जो मैने कहा हां फिर मैंने उसका नाम पूछा तो उन्होने मुझे अनुज सेन बताया और बोला कि मुझे आज जन्मदिन में बर्थडे सूटिंग करना है तो मैंने कहा कि कहां आना है जो अनुज सेन ने बताया कि मंगलगिरी के पास आकर फोन लगाना जैसे ही में मगंलगिरी के पास पहुंचा तो मुझे एक मोटरसाईकिल पैशन जिसका नंबर एमपी 15 एमटी 7752 और एक डयूट स्कूटी क एमपी 15 एमटी 0450 पर अनुज सेन, शुभम चौरसिया एंव अन्नू पवार थे जो सभी नि0 लक्ष्मीपुरा वार्ड पुरख्याउ के है जो तीनो मुझे वेंदाती मंदिर के पास लाकर बोले की कैमरा निकालो और शूटिंग करो तो मैंने कहा कि अंधेरा होने से मना किया तो मुझे अनुज सेने और शुभम चौरासिया एवं अन्नू पवार मेरा कैमरा निकोन डी 75 कंपनी का था कीमती करीबन 60000 रूपये थी जो लूटकर भाग गये मै चिल्लाया तो अनुज सेन ने मेरी जेब से पर्स निकालकर लूट लिया जिसमें 1000 रूपये रखे थे जो आरोपियों के विरूद्ध थाना पर अपराध क 42/2025 धारा 309(4) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किये जाकर प्रभावी कार्यवाही करते हुये मुखविर की सूचना के आरोपी 01. अनुज सेन पिता स्व. केदार सेन उम्र 22 साल 02. शुभम उर्फ शिवम पिता रतनलाल चौरासिया उम्र 21 साल 03. अन्नू उर्फ अनुराग पिता अशोक पवार उम्र 18 साल 08 माह तीनो निवासी लक्ष्मीपुरा वार्ड सागर थाना कोतवाली सागर को दिनांक 12.01.2025 को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिन्होने घटना कारित करना स्वीकार किया तथा लूट की गई संपत्ति निकोन डी 75 कैमरा कीमती 60000 रूपये व नगदी 1000 रूपये व घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल व स्कूटी कीमती 01 लाख रूपये की जप्ती की गई। आरोपी गण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के हैं जिसके विरूद्ध विभिन्न अपराधिक मामले थाना कोतवाली सागर पंजीबद्ध हैं।

इसी तारतम्य में थाना के अपराध क 21/2025 धारा 305 (बी) बीएनएस के मामले में आरोपी दिनेश पिता हरि लडिया उम्र 32 साल नि0 अंबेडकर वार्ड, थाना-मोतीनगर जिला सागर (म.प्र.) को पुलिस अभिरक्षा में लेकर मनोविज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई जिसने घटना कारित करना स्वीकार किया जो आरोपी को दिनाँक 12.01.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का हैं जिसके विरूद्ध विभिन्न अपराधिक मामले पंजीबद्ध हैं।

सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के नाम-01. निरी. जसवंत राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर 02 सउनि राकेश भटट 02. सउनि सोहन मरावी 03. प्रआर 866 जयसिंह राजपूत 03. प्रआर 1302 अनिल प्रभाकर 04. प्रआर 918 सुशील राय 05. प्रआर 432 दुर्गेश पटेल 06. प्रआर 33 प्रमोद बागरी 07. प्रआर 543 जानकी रमण मिश्रा 08.आर 1120 पवन 09. आर 931 अंचल 10. आर 403 राहुल 11. आर 1189 चंदन 12. एनआरएस आशीष ।

# भवानी सेवा समिति द्वारा विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। आज दिनांक 12 जनवरी 2025दिन रविवार को स्वामी विवेकानन्द जयंती युवा महोत्सव के रूप में मनाई गई जिसमे आकाश कोरी सामाजिक कार्यकर्ता काकागंज के द्वारा यह आयोजन किया गया मुख्य अतिथि सागर नगर मंडल अध्यक्ष श्री अमित बैसाखिया,विक्रम सोनी, पार्षद गोलू कोरी, भरत माते,राजेश अग्रवाल, माधव भाई, दामोदर मासाब,जय सोनी के द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। सामाजिक कार्यकर्ता इंजी. आकाश कोरी ने स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर तिलक लगाकर और माल्यार्पण कर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी सन् 1863 को कलकत्ता में एक कुलीन कायस्थ परिवार में हुआ था। इनके पिता विश्वनाथ दत्त कलकत्ता हाईकोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। विवेकानंद जी ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे।विवेकानन्द आध्यात्मिकता की ओर झुके हुए थे। वे अपने गुरु रामकृष्ण देव से काफी प्रभावित थे जिनसे उन्होंने सीखा कि सारे जीवों मे स्वयं परमात्मा का ही अस्तित्व हैं; इसलिए हम मनुष्य दूसरे जरूरतमन्दो की मदद करके या सेवा द्वारा परमात्मा की भी सेवा कर सकते है।उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्हें दो मिनट का समय दिया गया था किन्तु उन्होंने प्रमुख रूप से अपने भाषण का आरम्भ मेरे अमेरिकी भाइयों एवं बहनों के साथ करने के लिये जाना जाता है। उनके संबोधन के इस प्रथम वाक्य ने सबका दिल जीत लिया था। इनका एक प्रमुख वाक्य 'उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' भारत में विवेकानन्द को एक देशभक्त सन्यासी के रूप में माना जाता है और उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों में राजेश फुशकेले,संतोष दीक्षित,निहाल,माखन ऑटो,दिप्पू, गोलू,हरीश,योगेश,विकाश,विवेक,अमन,सौरभ आदि समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का समापन एवं आभार राजेश फुशकेले ने किया।



# अच्छे कार्यो के लिए पटवारी का सम्मान

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। विट्ठल नगर वार्ड नंबर 16 में अच्छे कार्यों के लिए विट्ठल नगर वार्ड मडिया कबूला के पटवारी श्री शिवजीत सिंह जी को विट्ठल नगर वार्ड के समस्त किसान भाइयों के साथ पटेल समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा श्रीफल साल एवं फूल मालाओं से सम्मानित किया इस मौके पर श्री केसरी पटेल लखन पटेल बीरेंद्र पटेल गिरीश पटेल, पार्षद श्री देवेंद्र अहिरवार ,नरेंद्र चौधरी, रघुवीर राज, प्रीतम पटेल,लक्ष्मीकांत राज एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।




# डीएवी बीआर स्कूल में शनिवार देर रात तक चला 12वें वार्षिकोत्सव 'उमंग' का भव्य आयोजन

**-सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा एवं श्रीमती अशोक मिश्रा ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया**

**-पिछले वर्ष 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों उनके अभिभावकों के साथ विशेष रूप से सम्मानित किया गया**

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/डीएवी बीआर स्कूल में शनिवार देर रात तक चला 12वें वार्षिकोत्सव 'उमंग' का भव्य आयोजन।पिछले वर्ष 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों उनके अभिभावकों के साथ विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि शनिवार को डीएवी बीआर स्कूल का 12वां वार्षिकोत्सव उमंग बड़े हीं उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधाकृष्णन एस (मुख्य महाप्रबंधक, वित्त, बीना रिफाइनरी, बीपीसीएल) और विशिष्ट अतिथि हरदीप सिंह (अध्यक्ष,एलएमसी) थे। उनके साथ एलएमसी के अन्य सदस्य रोहित यादव,शिरीष चंदेरकर, मनीष पांडे श्रीमती सोनाली पारलेकर और श्रीमती विनीता मिश्रा आदि समारोह में उपस्थित रहे।सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा और श्रीमती मिश्रा ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। इसके बाद अतिथियों और प्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया और दर्शक घंटो मंत्रमुग्ध- बैठे रहे बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य , लिटिल लाइम लाइटर नृत्य ,डिवाइन डेजलर्ड नृत्य ,डांस मेनिया,विंग्स ऑफ विजडम ,नृत्य उन्माद - दुनिया भर में, विंग्स ऑफ विजडम卐 द डिवाइन डैज्लर्स , वेस्टन डांस , स्पंदन.. ताल,हिंदी नाटक चीं टपाक डम डम जैसी प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। यह नाटक अंधविश्वास को समाप्त करने पर आधारित था।नृत्य नाटिका (परवाज्-सीमा से परे- छात्रों द्वारा नृत्य नाटिका (विजयी भव),नृत्य शंखनाद-आलिंगन द ग्राइंड आदि प्रस्तुत किया गया।नर्सरी से कक्षा 11 तक के बच्चों ने इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने विद्यालय की संक्षिप्त उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता डीएवी सीएमसी,नई दिल्ली द्वारा आयोजित में छात्रों की उपलब्धियों,शैक्षणिक प्रदर्शन और वर्ष 2025 में छात्रों द्वारा प्राप्त अन्य उपलब्धियों का उल्लेख किया और आगामी योजना की चर्चा की।विशिष्ट अतिथि हरदीप सिंह ने विद्यालय की गरिमा और छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विद्यालय मध्य प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय है। मुख्य अतिथि राधाकृष्णन एस ने विद्यालय जीवन के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को भविष्य में और अधिक सफलताएं प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय पत्रिका 卐प्रसून卐 का विमोचन अतिथियों और संपादकीय टीम द्वारा किया गया। विद्यालय के सभी उत्कृष्ट छात्रों को प्रमाणपत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। पिछले वर्ष 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों उनके अभिभावकों के साथ भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को भी प्राचार्य अशोक मिश्रा और श्रीमती विनीता मिश्रा द्वारा उपहारों से सम्मानित किया गया।श्रीमती अमरजीत दिनेश राय ने सभी अतिथियों को विद्यालय की और से विशेष आभार व्यक्त किया उपस्थित सभी अभिभावक दर्शक छात्र-छात्राओं के साथ साथ शिक्षक और विद्यालय के सभी सहायक कर्मचारियों का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की भूमिका अहम् रही। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ सुखद और शांतिपूर्ण माहौल में हुआ।

# पंजाबी सनातन समाज के लोहड़ी महोत्सव का आयोजन आदर्श गार्डन- मोतीनगर चौराहा के पास होगा

परिहार गर्जना न्यूज। सागर / पंजाबी संस्कृति के महत्त्वपूर्ण त्यौहार लोहड़ी उत्सव का सामूहिक आयोजन सागर के पंजाबी सनातन समाज द्वारा सोमवार 13 जनवरी को शाम 6.30 बजे से मोतीनगर चौराहे के पास आदर्श गार्डन में किया जा रहा है। पंजाबी संस्कृति का यह प्रमुख त्यौहार धूमधाम, नाच- गाने और मौज मस्ती के रूप में जाना जाता है।



सागर के पंजाबी सनातन समाज द्वारा मनाए जा रहे इस त्योहार पर आयोजित होने वाले सामूहिक कार्यक्रम में बच्चों व युवा वर्ग के नृत्य, गायन, वादन आदि मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। समाज के महिला वर्ग द्वारा गिद्दा व पुरुषों द्वारा भांगडे की धूम के साथ लोहड़ी रस्म का आयोजन किया जाएगा। डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि इस दौरान मेधावी बच्चों, वरिष्ठजनों व समाज के नव आगंतुकों, नवजात शिशुओं व नव विवाहित जोड़ों का सम्मान कार्यक्रम भी रखा गया है। लोहड़ी रस्म की धूम के बाद सामूहिक भोज का भी आयोजन किया जा रहा है। पंजाबी सनातन समाज के वरिष्ठ सदस्य अशोक खत्री, विजयभूषण वर्मा, डॉ संदीप सबलोक, प्रदीप मेनरॉय, सुनील सागर, गुलशन पावा, रवि सेठी, हरीश खत्री, अजय छाबड़ा, प्रदीप रामपाल आदि ने सभी समाज-जनो से कार्यक्रम में आवश्यक रूप से सपरिवार उपस्थित होने की सादर अपेक्षा व्यक्त की।

# हम कभी हारते नहीं, जीतते हैं या फिर सीखते हैं-मंडलोई

## मध्य प्रदेश पुलिस ने पत्रकार एकादश को पराजित कर मैत्रीपूर्ण मैच जीता



सौरभ खरे


परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। हम कभी हारते नहीं हैं। जीतते हैं या फिर सीखते हैं। खिलाड़ियों को अपनी हार को लेकर उदास होने की जरूरत नहीं होती। हर पराजय कुछ न कुछ सिखाकर जाती हैं। जीत से अहंकार नहीं आना चाहिए। अपने अभ्यास को लगातार जारी रखें, जिससे अपनी प्रतिभा को और भी बेहतर बना सकें। नेलशन मंडेला के कथन को अपने जीवन में उतारकर प्रत्येक हार से हमें कुछ न कुछ सीखना चाहिए। अपनी कमियों को तलाश कर उनमें सुधार लाना चाहिए।

यह उद्गार यहां सिविल लाइन मैदान में मैत्रीपूर्ण मैंच के समापन अवसर पर पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई ने व्यक्त किए। स्थानीय सिविल लाइन खेल मैदान पर पुलिस प्रशासन एकादश एवं पत्रकार एकादश के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। मैच के दौरान पत्रकार एकादश ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दस ओवर के मैच के पत्रकार एकादश टीम कुछ खास नहीं कर सकी और केवल 178 रन ही बना सकी। जबकि वह अपने आठ विकेट खो चुकी थी। रनों का पीछा करते हुए एसआई रघुराज सिंह की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पुलिस टीम यह मैच आसानी से जीत गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र अध्वर्यु ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और आगे इस तरह के आयोजन होते रहने की जरूरत बताई। खेल का आंखों देखा हाल पत्रकार प्रदीप खरे ने व्यक्त किया। मैन आफ द मैच रघुराज सिंह को दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या, उत्तम सिंह सूबेदार, पंकज शर्मा नगर निरीक्षक, पुष्पराज, रीतेश मिश्रा, अवनीशपुरी, भुवनेश्वर अग्हिोत्री, मयंक नगायच, आमिर खान, उवेश खान, नसीम खान, सूर्य प्रकाश खरे, परशुराम प्रभाकर, धर्मेश, मनीष असाटी, तारिक खान, मोहिसिन खान, शालिम खान, लोकेन्द्र सिंह, विकास राय, सत्तार खान, संजीव सिरवैया, रानू शुक्ला सहित अनेक पत्रकार एवं पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर, एसपी, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों और शासकीय सेवकों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार-

# युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयन्ती

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी आज युवा दिवस के रूप में मनाई गई। युवा दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर नजरबाग प्रांगण में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले की शैक्षणिक संस्थाओं एवं निकायों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमित नुना, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, पूर्व विधायक टीकमगढ़ केके श्रीवास्तव, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर अवधेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा स्वामी विवेकानंद फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला मुख्यालय पर नजरबाग प्रागंण में अमित नुना, पूर्व विधायक टीकमगढ़ केके श्रीवास्तव, अन्य जन प्रतिनिधिगण, कलेक्टर अवधेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे, एएसपी सीताराम ससत्या, टीकमगढ़ एसडीएम संजय कुमार दुबे, सहित शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में सामूहिक सूर्य नमस्कार सहित योग अभ्यास किया। इसके साथ ही स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर जिले के समस्त शासकीय व अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व योग प्रेमियों ने स्कूलों में पहुंचकर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लिया। आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रम के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थाओं में प्रातः 9 बजे से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम वंदे मात्रम गायन से आरंभ हुआ। साथ ही स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में दिये गये भाषण को सुना गया। तत्पश्चात मध्यप्रदेश गान और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थितजनों ने सुना। इसके बाद समस्त छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और समाजसेवियों ने सूर्य नमस्कार के समस्त 12 आसनों के अभ्यास पूरे किये। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने प्राणायाम तथा अनुलोम-विलोम का अभ्यास किया।

### मुख्यमंत्री डां यादव ने 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1553 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की

टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने काला पीपल, जिला शाजापुर में आयोजित कार्यक्रम में आज प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के बैंक खाते में लाड़ली बहना योजना की 1553 करोड़ तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं सिलेंडर रीफिलिंग के लिए हितग्राहियों के खाते में राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत टीकमगढ़ जिले से 208262 पात्र लाड़ली बहना हितग्राहियों को कुल राशि 25 करोड़ 55 लाख 66 हजार 500 रुपये का वितरण किया गया। योजना का लाभ पाकर लाडली बहनें खुश हैं तथा खुश होकर कहती हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और हमारे भैया डां मोहन यादव ने हम लाडली बहनों को योजना की 20वीं किश्त दी है, जिसका उपयोग हम अपने बच्चों की पढ़ाई तथा अपने खर्च में करेंगे। इसके लिये मुख्यमंत्री जी का हम सभी बहनें बहुत-बहुत आभार व्यक्त कर धन्यवाद देती हैं। जिला स्तर का कार्यक्रम एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लाडली बहना हितग्राही एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं, लाडली बहना हितग्राहियों को मकर सक्रांति के पावन पर्व के दौरान कार्यक्रम में ही सुहाग की सामग्री के साथ तिल के लड्डू का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती स्वेता चतुर्वेदी प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रही।

# मुक्ति धाम पर ताला लटकने से बाहर पड़ा रहा शव

## शव का दाह संस्कार करने वाले हुए परेशान,जताई नाराजगी



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। एक तो मौत का गम और उस पर शव के दाह संस्कार में अगर परेशानी आए, तो नाराज होना लाजमी बनता है। कुछ ऐसा ही नजारा उस समय ग्राम पैतपुरा में नजर आया, जब यहां मानवीयता को दरकिनार कर सरपंच द्वारा मुक्तिधाम पर ताला लटका कर लोगों को परेशान कर दिया गया। मातम में डूबे लोगों ने इस कृत्य पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए प्रशासन से अमानवीय कृत्य करने वाले सरपंच पर कार्रवाई किए जान की मांग की है। बताया गया है कि जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत ग्राम पैतपुरा में बनें मुक्ति धाम पर ताला लगाए जाने से शव का दाह संस्कार करने वालों को परेशानी का सामनाकरना पड़ रहा है। उन्होंने इस संबन्ध में प्रशासन से उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं सरपंच ने इस मामले में पौधों की सुरक्षा का कारण बताया है। बताया गया है कि हर दास कुशवाहा उम्र 63 वर्ष निवासी पैतपुरा जनपद पंचायत जतारा की मौत हो गई। जिनका आज अंतिम संस्कार करने गए लोगों को मुक्ति धाम पर सरपंच चंदमोहन सोनी द्वारा ताला लगाए रहने के कारण काफी परेशान होना पड़ा। वह मृतक के शव को रखकर चाबी का इंतजार करते रहे। शिकायतकर्ता गोरेलाल कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, हर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि ग्राम सरपंच चंद मोहन सोनी द्वारा मुक्तिधाम में ताला लगाया गया है। इस कारण से यहां अंतिम संस्कार करना मुक्तिधाम पर मुश्किल हो रहा है। उन्होंने मुक्ति धाम पर ताला हटाए जाने की मांग की है। यहां शव यात्रा में आए लोगों की नाराजगी भी स्पष्ट देखी गई। उन्होंने कहा कि मक्ति धाम पर ताला लगाना उचित नहीं है। यहां आने के बाद बाहर की लकड़ी आदि सामान रखे रहे, और बाद में किसी तरह उसे अंदर ले जाया गया। शव भी रास्ते में ही रखे रहना पड़ा, जो किसी भी तरह से उचित नहीं है। शव को बाहर उतारना उचित नहीं है। मातम में डूबे परिवार और शव के साथ आए लोगों का असंतोष बना रहा। वहीं इस संबन्ध में सरपंच श्री सोनी का कहना है कि हमारे द्वारा मुक्तिधाम में ताला लगाया गया है, क्योंकि मुक्तिधाम के अंदर पेड़ लगाए गए हैं। इससे हम ताला लगाकर चाबी अपने पास रख लेते हैं। हमें जैसे ही किसी के मृत होने की जानकारी लगती है, वैसे ही हम चाबी दे देते हैं। श्री सोनी ने कहा कि गांव की आबादी इतनी अधिक नहीं है कि किसी के मृत होने की जानकारी न लगे। अधिकांश शव यात्राओं में वह साथ ही जाते हैं, किन्हीं कारणों से जहां नहीं जा पाते हैं, वहां चाबी किसी के द्वारा भेज दी जाती है। यदि यहां ताला न लगाया जाए, तो काफी पौधेनष्ट हो जाएंगे।

# खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए: नितिन

## जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर किया शुभारंभ

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। गणेशगंज में जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि प्रवीण राजेन्द्र तिवारी एवं नितिन दुबे रहे। अतिथियों का कमेटी ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इसके बाद टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष हरदयाल सिंह पाल ने कमेटी के सदस्यों के साथ अतिथियों का तिलक लगाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। अतिथियों ने टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए हौंसला बढ़ाया। उद्घाटन मैंच बकपुरा और सागौनी के बीच खेला गया। जिसमें सागौनी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 136 रन बनाए। बकपुरा की टीम ने 3 विकेट खोकर 137 बनाकर जीत लिया। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह, मूलचन्द्र अहिरवार, अंकेश, रंजीत, सुनील, अशोक, भरत, मनीष, विजय, सुगंध, सोबरन सहित बढ़ी संख्या में खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित रहे।



# युवा दिवस के कार्यक्रम मे नहीं पंहुचे अतिथि

**-स्कूली बच्चों ने अविवस्थाओ के बीच मनाया युवा दिवस**

**-प्रशासन ने मैदान को नहीं कराया समतल पत्थरों और डीलों मे कराया सूर्य नमस्कार**






ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिला मुख्यालय मे ठण्ड, कोहरे और बूँदा बाँदी के बीच उत्कृष्ट विद्यालय मे स्वामी विवेकानंद कि जयंती युवा दिवस के रूप में मनायी गयी। उक्त युवा दिवस के कार्यक्रम मे प्रशासन तथा शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम के लिए बनाये गये कोई भी अतिथि कार्यक्रम में नहीं पंहुचा। आमंत्रित लोगो सहित उपस्थित छात्र छात्राओं तथा विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों में भी निराशा का माहोल देखा गया। गौरतलब है कि जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में जिन अतिथियों के नाम आमंत्रण पत्र में उल्लेख किये गये थे, उनमें बिधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे सिंह, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव तथा नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडेय को अतिथि बनाया गया था, लेकिन उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता भर उपस्थित रही। बांकी अतिथि नदारत रहें। भाजपा नेताओं ओर पत्रकारों ने सहभागिता दिखाई ओर मंच पर प्रशासनिक अधिकारीयों ओर स्कूली बच्चों के साथ साथ योगाभ्यास किया। वहीं स्कूली बच्चों ने अव्यवस्थाओ के बीच युवा दिवस पर सूर्यनमस्कार किया। प्रशासन की ओर से स्कूल प्रबंधन द्वारा सूर्य नमस्कार कराये जाने वाले मैदान को समतल भी नहीं कराया गया था। जिससे बच्चो को उबड़ खाबड़ ज़मीन पर बैठ कर योगाभ्यास करने में भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान इस प्रकार की अव्यवस्था जिम्मेवारो के उपर प्रश्न चिन्ह खड़ी कर रहीं है। जबकी सरकार द्वारा युवा दिवस को भव्यता एवं बेहतर ढंग से मनाये जाने के निर्देश जारी किये थें।


# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन




परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय स्वामी विवेकानंद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि राम बाली सिंह सेंगर विशिष्ट अतिथि हिमांशु मिश्रा जिला संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्रीमती चंद्रप्रभा तिवारी पार्षद श्रीमती कल्पना चौहान द्वारा द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए छात्र पलक मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत वंदन कराया गया। मुख्य अतिथि राम बाली सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर बताया गया कि 卐स्वामी विवेकानंद एक महान देशभक्त, दार्शनिक, वक्ता, विचारक, और लेखक थे. उनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को कोलकाता के एक बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था. उनका वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ दत्त था. स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे. वेदांत और योग पर भारतीय दर्शन से पश्चिमी दुनिया को परिचित कराने का श्रेय स्वामी विवेकानंद को ही जाता है. उन्होंने अमेरिका में रामकृष्ण मिशन की कई शाखाएं स्थापित की थीं. स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था. स्वामी विवेकानंद ने युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण का आधार माना था. स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है. विशिष्ट अतिथि हिमांशु मिश्रा द्वारा स्वामी विवेकानंद के कुछ अनमोल विचार बताए गए 卐जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे. सबसे बड़ा धर्म है अपने स्वभाव के प्रति सच्चा होना. स्वयं पर जो विश्वास करेगा, उसी की जीत होगी। जो दूसरों के लिए जीते हैं उन्ही का मनुष्य का जीवन लेना सार्थक होता है, स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा रक्तदान किया गया।

# युवा हमारे देश के भविष्य है इस लिए उन्हे समाज की मुख्य धारा मे जोड़ने का प्रयास करना सभी का कर्तव्य है:-दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जनपद पंचायत अजयगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत शाहपुरा में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये समर्थन संस्था के सहयोग से युवाओ के साथ खेल-खेल में जल संरक्षण एवं शुद्ध पेयजल उपयोग करने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच महेन्द्र दीक्षित ने कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य है, इस लिए उन्हे समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य हम सभी को करना होगा। यदि युवा पीढि रास्ता भटक जायेगी तो यह समाज भी गलत दिशा मे चला जायेगा। कार्यक्रम के दौरान समर्थन संस्था के क्षेत्रीय समन्वयक ज्ञानेन्द्र तिवारी ने बताया कि बच्चो के व्यावहार में बदलाव भी दिख रहे है गांव को साफ सुथरा बनाने में सहयोग कर रहे है बच्चे ही देश के भविष्य है। प्रचार्य आर.के प्रजापति ने कहा की खेल से बच्चे सीखते है एवं स्वास्थ्य रहते है। कार्यक्रम पेयजल स्त्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बच्चों के साथ सीखने सिखाने की प्रक्रिया में खो-खो, फुटबॉल फार बास, नींबू रेस, डिस्पोजल संतुलन गेम खेल गतिविधि की गई। जिसमें आधा सैकड़ा से अधिक बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के लगभग दो सौ से अधिक बच्चो ने सहभागिता निभाई। उक्त कार्यक्रम में आरती विश्कर्मा, फरीदा बी, मीत पटेल, दीपक चौधरी, लखन लाल शर्मा, विकास मिश्रा, सिखा मिश्रा, सोनू खरे, सतीश सिंगरोल एव अन्य साथी शामिल रहे।

# दुर्घटना मे घायल सत्यम पान्डेय का दुःखद निधन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के ककरहटी ग्राम निवासी क्षेत्रीय पत्रकार सत्यम



पान्डेय उम्र लगभग 35 वर्ष विगत तीन दिन पूर्व सड़क दुर्घटना मे घायल हो गये थे, जिनका ईलाज बिरला अस्पताल सतना मे चल रहा था, ईलाज के तीन दिन बाद ईलाज के दौरान सत्यम पान्डेय का दिनांक 11 जनवरी को दुखद निधन हो गया था तथा अतिंम संस्कार 12 जनवरी को किया गया। पान्डेय के निधन की खबर उनके ग्रह ग्राम ककरहटी पर मिलते ही ग्राम में शोक छा गया, श्री पान्डेय के निधन पर ककरहटी क्षेत्र के साथ साथ जिला मुख्यालय के पत्रकार साथियां ने दुख व्यक्त करते हुए म्रत आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

# ग्राम पंचायत मड़रका में व्यापक भ्रष्टाचार

**सामुदायिक भवन का किया जा रहा घटिया निर्माण**





परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले की अनेक ग्राम पंचायतो में व्याप्क स्तर पर निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार किया जा रहा है, तथा स्थानीय लोगो द्वारा लगातार शिकायते करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, जिससे भ्रष्टाचार करने वाले सरपंच, सचिव, उपयंत्रीयों, रोजगार सहायक के होसले बुलंद है। इसी प्रकार का मामला अजयगढ़ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत मड़रका का प्रकाश मे आया है, जहां पर राजवित्त आयोग मूल भूत की राशि से बीस लाख रूपये का सामुदायिक भवन निर्माण कार्य चल रहा है, उक्त निर्माण कार्य बहुत ही घटिया मटेरियल से किया जा रहा है, डस्ट तथा कच्ची ईटो से उसका निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त संबंध मे स्थानीय लोगो द्वारा सरपंच, सचिव से कहा भी गया लेकिन सरपंच, सचिव, उपयंत्री, रोजगार सहायक द्वारा निर्माण कार्य में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है तथा लगातार घटिया कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने बताया कि समुदायिक भवन मे पिलर जो बनाये गये उक्त पिलर कमजोर तथा पतली छडो से बनाये जा रहे है। संबंधित निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगो ने वरिष्ट अधिकारीयों से कार्यवाही करने की मांग की है। ग्राम पंचायत सरपंच मिहीलाल लोधी सचिव संजय गुप्ता, रोजगार सहायक तथा उपयंत्री के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# गांव गांव मे बिक रही अवैध शराब माफियाओं पर कार्यवाही करने को लेकर पुलिस महानिर्देशक के नाम सौपा ज्ञापन

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में शराब ठेकेदारो के माध्यम से गांव गांव में अवैध शराब की अवैध दुकाने खोल दी गई है तथा ठेकेदारो द्वारा खुद अपने वाहनो एवं कर्मचारियों के माध्यम से अवैध शराब की पैरोकारी की जा रही है, एवं पेटियों मे भर भरकर शराब पंहुचाई जा रही है, जिससे युवा पीढ़ि बर्बाद हो रही है। नशा रोकने को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा नशा मुक्ति अभीयान चला रखा है, जिसको



लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों द्वारा रैपुरा थाना प्रभारी संतोष यादव को पुलिस महानिर्देशक के नाम ज्ञापन देकर अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन रोकने की मांग करते हुए कड़ी कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन देने वालो में गजेन्द्र साहू, अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह, जिला अध्यक्ष संजय पटैल, ब्लॉक अध्यक्ष राजू लोधी, बब्लू यादव, राहुल यादव, प्रवक्ता रामेश्वर धुर्वे, राकेश यादव, दमोह से पन्नालाल राय, दीपक यादव, रामरतन यादव, समाजसेवी मृदुल अग्रवाल की टीम सहित समस्त क्षेत्रवासी शामिल हुए।

# युवा दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने शासकीय सीएम राइज मॉडल स्कूल जबेरा में छात्र-छात्राओं के साथ किया सूर्य नमस्कार

## -कंप्यूटर लैब का किया शुभारंभ

## -खेलों में अपनी प्रतिभा निखारने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र किए वितरित





राजकुमार दुबे

*परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 12 जनवरी। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक, न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी शासकीय सीएम राइज मॉडल स्कूल जबेरा पहुंच कर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर आयोजित सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर छात्र-छात्राओं के साथ सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया।*



इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने युवाओं के प्रेरणा स्रोत देश दुनिया में भारत का नाम प्रचलित करने वाले महान प्रवक्ता स्वामी विवेकानंद जी के चरणों में पुष्प समर्पित कर उनके उच्च विचारों का व्याख्यान किया। उन्होंने कहा सनातन संस्कृति को वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापित करने वाले महान युवा संन्यासी, युग प्रवर्तक चिंतक, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें कोटिश: नमन एवं %राष्ट्रीय युवा दिवस% की सभी को हार्दिक बधाई। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा स्वामी विवेकानंद जी मानवता के सच्चे मार्गदर्शक है, आइए हम सभी %राष्ट्रीय युवा दिवस पर उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण हेतु संकल्पित हों।

इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री लोधी के द्वारा कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया गया। लैब के माध्यम से अध्यनरत विद्यार्थी तकनीकी रूप से शिक्षित होंगे। इस दौरान उन्होंने राज्य स्तरीय, संभाग स्तरीय, जिला स्तरीय खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की भी की। छात्रों के साथ वॉलीबॉल का आनंद लिया। उन्होंने कहा खेलों के माध्यम से शारीरिक विकास एवं बौद्धिक विकास की उपलब्धि होती है, खेलों का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है।

इसके साथ ही राज्य मंत्री श्री लोधी में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल की बिल्डिंग का निरीक्षण कर बिल्डिंग के विषय में जानकारी प्राप्त की, साथ ही उन्होंने बताया इसके निर्माण से छात्र-छात्राओं को सुविधा प्राप्त होगी एवं आधुनिक रूप से इसका निर्माण किया जा रहा है। सी एम राइज मॉडल स्कूल सरकार कि महत्वपूर्ण योजना हैं जिसमें सर्व सुविधा प्राप्त होगी और विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपना विकास कर सकेंगे।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन, बंटी दुबे, राजेश सिंघई, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिनोद वाजपेई, रानू नामदेव, नीरज जयसवाल, मूरत सिंह, सहारा ठाकुर, थाना प्रभारी विकास चौहान, नायब तहसीलदार राजेश साहू सहित शिक्षकगणों की उपस्थिति रही।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में युवा दिवस

**-विश्व में सर्वाधिक युवा भारत देश में हैं अत: युवा वर्ग को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्वयं आगे आना होगा, थाना प्रभारी अनूप यादव**

**-सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई जिस उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई जिस उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्ष बीना नगर के न्यायाधीश महोदय श्री शरद जोशी, मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अनूप यादव, विशिष्ठ अतिथि शास.कन्या महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती सोनाली राय, विद्यालय की पूर्व छात्रा श्रीमती शिवानी बरेठ संगीत शिक्षिका केंद्रीय विद्यालय बीना, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बीना के नगर संघ चालक मुरारी गोस्वामी ,सरस्वती शिक्षा परिषद जिला सागर के जिला सचिव महेश अग्रवाल, सरस्वती शिक्षा समिति बीना के अध्यक्ष वी.के. अग्निहोत्री,सरस्वती शिशु मंदिर भगतसिंह वार्ड बीना उपाध्यक्ष रामनाथ योगाचार्य, सरस्वती शिक्षा समिति सचिव सचिन कटारे एवं कोषाध्यक्ष आदित्य बुधौलिया और विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुड़ोतिया सम्मिलित हुए। अतिथि परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य पूरन लाल पटेल द्वारा एवं अतिथि स्वागत हायर सेकंडरी विभाग प्रमुख प्रीतम तिवारी द्वारा किया गया।




कार्यक्रम के अध्यक्ष शरद जोशी ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र का उदाहरण देते हुए समय का उचित उपयोग करने, स्वयं की शक्ति को पहचानने एवं भारत को हर क्षेत्र में चाहे खेल हो, शिक्षा हो, कृषि हो उच्चतम शिखर पर पहुंचाने की सोच विकसित करने की सलाह दी साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से विदेशी संस्थान की अपेक्षा भारतीय संस्थान जैसे ISRO,DRDO आदि को प्राथमिकता देने की अपील की। मुख्य अतिथि बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व में सर्वाधिक युवा भारत देश में हैं। अत: युवा वर्ग को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्वयं आगे आना होगा और जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी ने कम उम्र में ही अविश्वनीय कार्य भारत की उन्नति के लिए किए उसी प्रकार सभी युवा वर्ग भी बढ़ चढकर करें। विशिष्ठ अतिथि श्रीमती सोनाली राय ने स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो में दिये गये ऐतिहासिक भाषण का उदाहरण दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी स्वामी विवेकानंद जी का जीवन चरित्र आत्मसात करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपने विद्यालय एवं अपने नगर को अपने प्रदर्शन द्वारा गोरवान्वित करने का आह्वान किया। अंत में अतिथियों का आभार विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुड़ोतिया द्वारा किया गया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद जी एक एक वाक्य अपार ऊर्जा का स्त्रोत है और एक एक शब्द एनर्जी वाइट है साथ ही स्वामी जी के ध्येय वाक्य उठो जागो और तब तक न रुको जब तक कि लक्ष्य प्राप्त न हो से विद्यार्थियों को प्रेरणा का मंत्र दिया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य दीदी , भैया बहिन एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# एक भारत,श्रेष्ठ भारत,अखंड भारत की हम जो कल्पना करते हैं,उस लक्ष्य को लेकर 2047 तक का विजन डॉक्यूमेंट तैयार हुआ-सांसदश्री राहुल सिंह

## -विजन डॉक्यूमेंट को अंतिम रूप दिया गया-विधायक श्री मलैया

## -विजन डॉक्यूमेंट जीवन में खुशहाली लाने की योजना-डा कुसमरिया

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 12 जनवरी। विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद दमोह श्री राहुल सिंह, पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया,मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया,जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल,कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे।



बैठक में सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा मुख्यमंत्री जी ने विजन डॉक्यूमेंट बनाने के लिए कहा है, आज पूरे दमोह का एक विजन डॉक्यूमेंट्री तैयार हुआ है, जैसा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लक्ष्य है कि 2047 का भारत विकसित भारत हो, एक भारत, श्रेष्ठ भारत, अखंड भारत की हम जो कल्पना करते हैं, उस लक्ष्य को लेकर 2047 तक का विजन तैयार हुआ है। किस प्रकार से शिक्षा के क्षेत्र में दमोह आगे काम कर सकता है, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम दमोह के लिए क्या बेहतर ला सकते हैं, चारों विधानसभाओं को लेकर डॉक्यूमेंट तैयार हुआ है, उसको फाइनल रूप दिया गया है और आने वाले समय में इस गाइडलाइन पर सरकार काम करेगी। पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा विजन डॉक्यूमेंट को अंतिम रूप दिया गया है, अगले 4 वर्षों में अलग-अलग विभागों में कौन-कौन से कार्य होंगे, इसमें हर विभाग लिया गया है। इसी के संबंध में बैठक आयोजित की गई सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए इसका विस्तार कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा लगभग 16-17 विभाग है उन सभी की कार्य योजनाओं को देखा और उनका विस्तार और क्या-क्या काम होना है यह सब किया गया है।

मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा विजन डाक्यूमेंट तैयार हुआ है उसमें समग्र विकास और लोगों के जीवन में खुशहाली लाने की योजना है, सभी बातों पर विचार करके विजन डॉक्यूमेंट बनाया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा मुख्यमंत्री जी ने सभी जगह का विजन डॉक्यूमेंट बनवाया है। हम कैसे अपने दमोह को 2047 तक सुपर और परफेक्ट दमोह बना सकते हैं, इस बारे में चर्चा की गई, जिले में जो जो कमियां हैं उनको कैसे दूर कर सकते हैं और अंतिम पंक्ति में खड़े हुए लोगों को कैसे आगे लाया जा सकता है इस पर चर्चा की गई।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा मुख्यमंत्री जी के निर्देश थे कि हर जिले का अपना एक विजन डॉक्यूमेंट होना चाहिए। इसी सिलसिले में हमने विजन डॉक्यूमेंट को तैयार किया था उसको जनता और प्रतिनिधियों से शेयर किया था, जितने सुझाव सभी से प्राप्त हुए उसके आधार पर एक अंतिम प्रारूप आज बनाया गया, जिस पर आज सभी जनप्रतिनिधिगणों और उनके प्रतिनिधिगणों के साथ बैठक हुई, यह बैठक बहुत ही सार्थक रही, बैठक में इसमें इंप्रूवमेंट के बहुत से सुझाव आए हैं, इन सुझावों को अंतिम रूप देकर के हमारा प्रयास रहेगा कि आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधिवत मुख्य अतिथि महोदय के करकमलो से इसकी लांचिंग कराए, इस सिलसिले में सारे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की की बैठक आयोजित हुई ।

## ब्रज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पुलिस प्रशासन पत्रकारों के क्रिकेट मैत्री मैच में-

# पुलिस प्रशासन ने पत्रकारों को हराकर फिर जीती विजेता ट्रॉफी

## - डीआईजी पांडेय रहे मैन ऑफ द मैच




**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। ब्रज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पुलिस प्रशासन पत्रकार एकादश के मध्य आयोजित मैत्री मैच में प्रशासन ने पत्रकारों को हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। इस सद्भावना मैच में डीआईजी शैलेश कुमार पांडे 77 रन बनाकर नॉट आउट रहे। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पत्रकार एकादश और पुलिस प्रशासन के बीच सदभावना मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन अमर नाथ स्कूल के ग्राउंड पर सम्पन्न हुआ।

इस मैच में ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं पत्रकार एकादश के कप्तान डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं पुलिस प्रशासन के कप्तान डीआईजी शैलेश कुमार पांडे के मध्य टॉस उछाला गया जैसे डीआईजी श्री पांडेय ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। 15 ओवर के मैत्री मैच में पुलिस प्रशासन ने पहली पारी में खेलते हुए पत्रकार एकादश को 194 रन का बड़ा स्कोर टारगेट दिया। पत्रकार एकादश ने दूसरी पाली में मुकाबला करते हुए 77 रन पर ओवर ऑल हो गई।

गौरतलब है कि रविवार को ब्रज प्रेस क्लव द्वारा आयोजित पत्रकार एकादश और पुलिस प्रशासन के बीच हुए सदभावना मैच में पुलिस प्रशासन ने शानदार जीत हासिल की। पुलिस प्रशासन की ओर से एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय और शैलेन्द्र कुमार होमगार्ड कमाडेंट ने खेल की शुरुआत करते एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने 77 रन और शैलेन्द्र कुमार 20 रन जोड़ते हुए 194 रन का लक्ष्य पत्रकार एकादश को दिया। पत्रकार की ओर से अमित मुदगल, मदन गोपाल शर्मा ने शानदार पारी की शुरुआत करते हुए 26 रन की भागीदारी निभाई। अमित मुदगल के आउट होने पर पत्रकार एकादश की टीम बिखर गई। वीर नारायण शर्मा ने 7 गेद खेलते हुए 16 रन टीम के खाते में जोड़े, पवन आनंद ने एक छक्का देकर पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन वह भी आउट हो गए. दिलीप चतुर्वेदी ने दो चौके लगाकर 9 रन बनाए। निर्धारित 15 ओवर पूरे होने के चलते पुलिस एकादश की टीम ने 117 रन से जीत हासिल की।

पुलिस एकादश ने टॉस जीतकर पत्रकार एकादश के कप्तान डा.कमल कांत उपमंन्यु एडवोकेट की टीम को फील्डिंग के लिए मौका दिया। डा. कमल कांत उपमंन्यु अमर नाथ विद्या आश्रम के प्रधानाचार्य अरुण वाजपैई ग्राउंड पर पहुंचे सभी अधिकारी एवं समाजसेवी और दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं उत्तरीय उढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं तहसीलदार महावन सुनील कुमार को सर्व श्रेष्ठ गेंदवाज के खिताब से नावाजा गया। पत्रकार एकादश के खिलाडी पवन आंनद को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक का ख़िताब दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय महानगर आयुक्त शशांक चौधरी, एएसपी गोल्डी गुप्ता, एसपी ट्रैफिक मनोज यादव एसपी ट्रैफिक मनोज यादव, सीओ सिटी भूषण वर्मा, तहसीलदार सुशील कुमार, होमगार्ड के कमांडेंट डॉ,शैलेंद्र सिंह, सी ओ ट्रेनिंग आलोक कुमार, पीआरओ अजय किशोर, एसओ रिफाइनरी सोनू सिंह, पुलिस प्रशासन टीम के कोच चांद खान आदि प्रमुख रहे, एवं पत्रकार एकादश के कप्तान एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट के अलावा पत्रकार टीम में अमर उजाला जिला प्रभारी अमित मुद्गल , दैनिक जागरण जिला प्रभारी विनीत मिश्रा, हिंदुस्तान जिला प्रभारी दिलीप चतुर्वेदी, मदन गोपाल शर्मा नितिन गौतम, पवन नवरत्न, परवेज अहमद, गोविंद भारद्वाज, गौरव चौधरी, राकेश पचौरी, कन्हैया उपाध्याय, अनूप शर्मा, मोहन श्याम रावत, हेमंत शर्मा, मातुल शर्मा, पवन शर्मा, फेजल कुरैशी, प्रवेश चतुर्वेदी गिरधर पचौरी, नारायण सिंह,सुनील चौधरी नागेंद्र राठौर, आसिफ अली, अफजाल अहमद गिरधारी लाल श्रोत्रिय, नवनीत शर्मा, मनोज चौहान, योगेश भारद्वाज,सैयद जाहिद राकेश शर्मा, शिवांगी चौधरी, अजय शर्मा राजू पंडित मोहित, आर के धनगर, क़ासिम, अंतराम, गिरीश , अनिल अग्रवाल आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन चल रहे ऑडिटोरियम का विधायक ने किया निरीक्षण

## स्वामी विवेकानंद के नाम से ऑडिटोरियम का नामकरण करने के दिए निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय पर लगभग 3 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन चल रहे ऑडिटोरियम के कार्य का आज विधायक अनिल जैन ने नगर परिषद के अधिकारी अरविंद तिवारी उप यंत्री धर्मेंद्र चौबे तथा नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार के साथ निरीक्षण किया।




विधायक श्री जैन ने ऑडिटोरियम के निर्माण को लेकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि नगर में एक ऐतिहासिक भवन बन रहा है जिसमें लगभग 300 लोगों के बैठने की व्यवस्था है तथा सभी सुविधाएं इस भवन में रहेगी इसके साथ-साथ विधायक श्री जैन ने पार्क के लिए आरक्षित भूमि पर ऑडिटोरियम की पार्किंग बनाने के निर्देश दिए तथा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किए गए निरीक्षण के उपरांत विधायक श्री जैन ने ऑडिटोरियम का नामकरण स्वामी विवेकानंद के नाम से किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। विधायक अनिल जैन ने नगर परिषद के उपयंत्री धर्मेंद्र चौबे एवं संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि ऑडिटोरियम का निर्माण शीघ्र ही पूर्ण करें जिससे अपने नगर को इस ऐतिहासिक भवन का लाभ मिल सके। गौरतलब है कि विधायक अनिल जैन के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी के तीनों नगरीय क्षेत्र निवाड़ी तरीचरकला और ओरछा में ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य के लिए राशि उपलब्ध कराई गई थी लेकिन ओरछा में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हो सका तथा तरीचर कला में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य अधूरा है जबकि निवाड़ी जिला मुख्यालय पर ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने को है।ऑडिटोरियम के निर्माण के उपरांत विधायक अनिल जैन ने ऑडिटोरियम के समीप ही निर्माणाधीन चल रहे नगर परिषद के नवीन कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

## सोशल प्लेटफॉर्म पर आज दी जाएगी संक्रांति पर्व के संबंध में जानकारी

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। क्षेत्र के प्रख्यात भागवत कथा वाचक पंडित सत्यदेव तिवारी के द्वारा आज सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संक्रांति पर्व के संबंध में जानकारी दी जाएगी। निवाड़ी न्यूज़ डिजिटल यूट्यूब चैनल के संचालक राजीव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध भागवताचार्य तथा विद्वान पंडित सत्यदेव तिवारी के द्वारा निवाड़ी न्यूज़ डिजिटल चैनल के माध्यम से फेसबुक लाइव पर आज दिनांक 13 जनवरी को दोपहर 3 बजे संक्रांति पर्व के संबंध में संक्रांति पर्व पर स्नान करने का समय तथा राशियों पर होने वाले प्रभाव के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

# जिला मुख्यालय पर आयोजित हुआ विकासखंड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

## जिला जनक विधायक अनिल जैन जिला मुख्यालय पर आयोजित विकासखंड स्तरीय आयोजन में हुए शामिल

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन इस वर्ष भी जिले में दो स्थानों पर किया गया जिसके चलते जिला स्तरीय आयोजन ओरछा में कंचना घाट पर प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया जबकि जिला मुख्यालय पर विकासखंड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें जिला के जनक कहे जाने वाले विधायक अनिल जैन सहित भाजपा के अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहे हालांकि जिला स्तरीय आयोजन जिला मुख्यालय पर न होने से भाजपा के अनेक जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त की लेकिन भाजपा के जनप्रतिनिधियों के द्वारा इसी तरह की नाराजगी इससे पहले भी व्यक्त की जाती रही है उसके बावजूद भी जिला स्तरीय आयोजनों को जिला मुख्यालय पर आज तक आयोजित नहीं कराया जा सका और अधिकांश जिला स्तरीय आयोजन ओरछा कंचना घाट पर ही आयोजित हो रहे हैं जबकि विकासखंड स्तरीय आयोजन जिला मुख्यालय पर आयोजित किये जा रहे हैं। जिला मुख्यालय पर आयोजित विकासखंड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक के प्रांगण में शासन द्वारा निर्धारित समय पर आयोजित किया गया लेकिन राज्य स्तरीय आयोजन में बदलाव होने के चलते जिला मुख्यालय पर आयोजित हो रहे विकासखंड स्तरीय आयोजन में व्यवधान देखा गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार के विकासखंड स्तरीय आयोजन का शुभारंभ विधायक अनिल जैन की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर पूजन कर किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान का आयोजन हुआ तथा स्वामी विवेकानंद के द्वारा शिकागो में दिए गए भाषण के कुछ अंश आयोजन स्थल पर सुनाए गये तत्पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश के वाचन के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें योग शिक्षक राम अवतार तिवारी सूरज प्रजापति एवं मुकेश दुबे के द्वारा सूर्य नमस्कार के आसन कराए गए। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ विधायक अनिल जैन नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार सांसद प्रतिनिधि राजेश पटेरिया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ नंद किशोर नापित नगर परिषद के उपाध्यक्ष सत्यदेव तिवारी प्रमोद कुशवाहा के साथ प्राचार्य आर डी बर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद कुमार तिवारी जिला परियोजना समन्वयक फूल सिंह दिनकर हरिशंकर वर्मा सहित् शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया।



***प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ जिला स्तरीय आयोजन***

सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन जिले में दो स्थानों पर आयोजित किया गया जिसमें बताया गया कि जिला स्तरीय आयोजन प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ओरछा कंचना घाट पर आयोजित किया गया जबकि जिला मुख्यालय पर विकासखंड स्तरीय आयोजन किया गया और विकासखंड स्तरीय आयोजन में प्रशासनिक अधिकारियों की अनुपस्थिति से भाजपा के जनप्रतिनिधियों में भारी निराशा भी देखी गई जबकि ओरछा स्थित कंचना घाट पर आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन में विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर के सभी अधिकारियों की उपस्थिति में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन संपन्न हुआ जहां समुचित व्यवस्थाओं के साथ योग शिक्षक जितेंद्र पुरोहित मोतीलाल कुशवाहा एवं श्याम जी उपाध्याय तथा संजय श्रीवास्तव के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार के आसन कराए गए। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में ओरछा कंचना घाट पर आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर राय सिंह नरवरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोहन सक्सेना अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निगवाल सतीश वर्मा तहसीलदार सुमित गुर्जर जिला शिक्षा अधिकारी उन्मेष श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 135 मरीजों की जांच, 36 लोगों की ज़िंदगी होगी रोशन

## अग्रवाल समाज ने महालक्ष्मी मंदिर में लगाया निःशुल्क नेत्र शिविर



छतरपुर। सरानी दरवाजा बाहर स्थित सिद्धपीठ माँ महालक्ष्मी मंदिर में रविवार को लगे निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 135 मरीजों की आंखों की जांच कर 36 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें लेंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट भिजवाया गया।

नगर अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक देवीदीन गोस्वामी के सहयोग से उनकी पत्नी हीरा देवी की स्मृति में आयोजित नेत्र शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा 135 मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क दवा एवं चश्मा प्रदान किया गया। जांच में 36 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद चिन्हित होने पर उन्हें लेंस प्रत्यारोपण के लिए निजी वाहन से निःशुल्क चित्रकूट रवाना कर दिया गया। शिविर में मरीजों को खिचड़ी व भोजन प्रसाद वितरित किया गया।

शिविर में अग्रवाल समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम शानू, हरिप्रकाश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सौरव अग्रवाल सनी, अभिषेक अग्रवाल गोलू आदि ने उपस्थित रहकर मरीजों का सहयोग किया।

# एसपी ने लिया चोरी की घटना का जायजा

बमीठा। खजुराहो रोड पर स्थित शनिवार को न्यू शिवम ज्वेलर्स की दुकान पर चोरी की घटना घटित हुई थी,जहां चोरों ने दुकान की शटर तोड़कर लाखो रुपए के जेवरात चोरी किये थे, छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन नें रविवार शाम को दुकान संचालक पुरुषोत्तम सोनी से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द चोरो को पकड़ा जायेगा।



# ललपुर गौशाला मे अब तक 20 से ज्यादा गायो की हुई मौत

## ललपुर गौशाला मे गायों की मौत के लिए जुम्मेदार कौन ?



राजनगर। राजनगर तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ललपुर में गौ माता की ऐसी दुर्दशा की देखने रूह काप जाए । एक तरफ सरकार गाय बचाने की बात करती है और दूसरी ओर गौशाला की देखरेख करने वालो की लापरवाही से गायों की मौत हो रही है। ग्राम पंचायत के सरपंच रामकिसुन अनुरागी के द्वारा गौशाला का अनुबंध तालगांव के जीवन लाल पटेल को दिया गया और जीवन लाल पटेल और स्थानीय जिम्मेदारों की लापरवाही से अब तक बीस से अधिक गायों की मौत हो चुकी है। जो दुधारू गाय है उनके लिए भूसा चारें की कुछ व्यवस्था जैसे तैसे यह लोग कर देते हैं दूध की लालच परंतु जो भी गाय दूध नहीं देती है उनको बाहर ठंड में बिना भूसा चारा के खड़ा किया जाता है गौशाला में पर्याप्त मात्रा में छाया की व्यवस्था होते हुए भी गायों की देखरेख नहीं की जाती है अब देखना यह है लगभग 20 से ज्यादा गायों की मौत कि जिम्मेदारों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए छतरपुर जिले के लोकप्रिय कलेक्टर पार्थ जैसवाल और सीईओ तपस्या सिंह परमार गाय की मौत के जिम्मेदारों पर जल्द कार्यवाही करवाएंगे यह सभी का भरोसा है।

# जंगली सुअर का शिकार करने की घटना में ढाबा संचालक गिरफ्तार, शेष आरोपियों की तलाश जारी

छतरपुर। पन्ना टाईगर रिजर्व अंतर्गत आने वाले छतरपुर जिले के चंद्रनगर वन परिक्षेत्र में एक जंगली सुअर का शिकार किए जाने का मामला सामने आया है। वन विभाग द्वारा इस मामले में एक एक ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया गया है, जो कि मांस को पका रहा था। इसके अलावा शिकारी तथा मांस का परिवहन करने वाले अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

चंद्रनगर वन परिक्षेत्र के रेंजर मयंक शर्मा ने बताया कि दो दिन पहले चंद्रनगर के समीप संचालित एक ढाबा पर जंगली सुअर का मांस पकाए जाने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर दबिश देकर उन्होंने मांस पका रहे ढाबा संचालक खजुराहो निवासी लाल सिंह को गिरफ्तार किया था। ढाबा संचालक द्वारा कुछ अन्य लोगों के नाम बताए गए हैं, जिनके द्वारा सुअर का शिकार किए जाने के बाद मांस उस तक पहुंचाया गया था। श्री शर्मा ने बताया कि वन परिक्षेत्र के एक स्थान से जंगली सुअर की खाल तथा पूंछ भी बरामद की गई है। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है, वन विभाग ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।

# क्यूआर कोड बदलकर ठगी करने वाला युवक 24 घंटे में गिरफ्तार



छतरपुर। बीते रोज पर्यटन नगरी खजुराहो की करीब आधा दर्जन दुकानों के क्यूआर कोड बदलकर ठगी किए जाने का मामला सामने आया था, जिसे गंभीरता से लेकर पुलिस ने महज 24 घंटे में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। खजुराहो थाना प्रभारी उप निरीक्षक अतुल दीक्षित ने बताया कि नगर के एक मेडिकल के बाहर लगे क्यूआर कोड को बदलकर फर्जी तरीके से भुगतान कराए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए क्यूआर कोर्ड बदलने वाले आरोपी छोटू पुत्र बबलू तिवारी निवासी ग्राम आमली थाना गुरसरांय जिला झांसी उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से क्यूआर कोड के स्टीकर जप्त किए गए हैं। घटना में कुछ अन्य आरोपियों के सम्मिलित होने की जानकारी भी सामने आई है, जिनका पता लगाकर तलाश की जा रही है। कार्यवाही में खजुराहो एसडीओपी प्रभार शशांक जैन के के अलावा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अतुल दीक्षित, उप निरीक्षक मारकंडेय मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक शिवकुमार गर्ग, राकेश शर्मा, आरक्षक सोनू यादव, जयराम, सौरभ तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के...

प्रथम पृष्ठ का शेष-

माधवानी, प्रभारी डीईओ सत्यम चौरसिया शिक्षा विभाग, डीपीसी अरुण शंकर पांडे सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्जवलन कर मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात वंदेमारतम गीत गाया गया और स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो में दिए गए व्याख्यान को रेडियो के माध्यम से सुनाया गया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनता के नाम संदेश को दिखाया और सुनाया गया। भोपाल से प्रसारित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्कूली बच्चों युवाओं द्वारा सूर्य नमस्कार और प्राणायाम तीन चक्र में किया गया। इस दौरान योग के महत्व और इससे होने वाले मानव स्वास्थ्य में फायदे बताए गए। अंत में राष्ट्गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321